प्रो0 (डा0) भरत राज सिंह ''शिक्षा गौरव पुरस्कार -2016'' से सम्मानित

By dastakmedia On 23 Sep, 2016 At 03:33 PM

लखनऊ । स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) लखनऊ को ''हायर एजूकेशन' पुरस्कार के श्रेणी एक में और उपलब्धि प्राप्त हुयी है। एसएमएस के निदेशक (तकनीकी) प्रो0 (डा0) भरत राज सिंह को ''शिक्षा गौरव पुरस्कार -2016'' से सम्मानित किया गया है। इण्डिया इन्टरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में अध्यक्ष ए0आई0सी0टी0ई0 (आल इण्डिया काउसिंल आफ टेक्निकल एजुकेशन), प्रो. (डा0) अनिल डी0 सहस्राबुधे, सदस्य सचिव- प्रो0 (डा0) ए0 पी0 मित्तल, व निदेशक डा0 मनप्रीत सिंह मन्ना द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। उपरोक्त अवार्ड रेल मंत्री सुरेश प्रभु, पूर्व मंत्री अरिफ मोहम्मद खान, सदस्य लोकसभा व पूर्व पुलिस कमिश्नर सत्यपाल सिंह तथा सदस्य लोकसभा डा0 अनिल कुमार तथा देश के विभिन्न प्रदेशों से आए लगभग 20 कुलपतियों की उपस्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में अति विाि्ष्ट व सराहनीय कार्यों हेतु प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सेन्टर फार एजुकेशन ग्रोथ व रिसर्च (सी.ई.जी.आर.) के द्वितीय शिक्षा समिति की परिचर्चा के दौरान उपलब्ध कराये गये।